प्रेषक,

विनोद कुमार सिंह–III, एच.जे.एस.,
जनपद न्यायाधीश,
कुशीनगर स्थान पडरौना।

सेवा में,

श्रीमान् महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

पत्रांक 500 /XV/दिनांक/कुशीनगर स्थान पडरौना/ जून 17, 2020

विषयः अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उक्त विषय में सादर निवेदन है कि न्याय अनुभाग–8 (लेखा) की विज्ञप्ति संख्या ए–65/सात–न्याय–8(लेखा)–20–24(28)/91 टी०सी०–1 दिनाक 05–06–2020 के अनुसार उ०प्र० राज्य लोक सेवा अधिकरण इन्दिरा भवन, लखनऊ में सदस्य (न्यायिक) के रिक्त पदों पर चयन/नियुक्ति हेंतु आवेदन पत्र आमन्त्रित किये गये हैं। मै उ०प्र० राज्य लोक सेवा अधिकरण इन्दिरा भवन, लखनऊ में सदस्य (न्यायिक) के रिक्त पद हेतु आवेदन पत्र प्रेषित करना चाहता हूँ।

उक्त विज्ञप्ति के अनुसार सक्षम अधिकारी से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न करने के लिये निर्देशित किया गया है। आवेदन पत्र प्रमुख सचिव, न्याय के कार्यालय में दिनांक 06 जुलाई, 2020 को सायं 5.00 बजे तक स्वीकार किये जायेगें।

अतः श्रीमान् जी से निवेदन है कि उक्त पद हेतु आवेदन पत्र प्रेषित किये जाने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने हेतु प्रार्थना पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष समावेदित करने का कष्ट करें।

सादर।

भवदीय

(विनोद कुमार सिंह–III) 17/06/2020
जनपद न्यायाधीश,
कुशीनगर स्थान पडरौना।

District Judge
Kushinagar at Padrauna (U.P.)